न्यायालय-नीरज कुमार त्यागी, अवर न्यायाधीश (प्रथम),नरकटियागंज
बंटवारा वाद संख्या-63/2019

बृजा देवी..वादी

बनाम

जटा साह एवं अन्य...प्रतिवादीगण

12.08.2022 उभय पक्षों की ओर से पैरवी है। अभिलेख आज वादीगण की ओर से दाखिल आवेदन दिनांक 23.03.2022 अंतर्गत आदेश 22 नियम 4 वो दफा 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता पर आदेश हेतु नियत है।

वादीगण को अपने आवेदन में कहना है कि प्रस्तुत वाद के प्रतिवादी संख्या-05 कमलेश प्रसाद साह की मृत्यु हो गई है तथा जिसकी सूचना प्रतिवादीगण के अधिवक्ता के द्वारा न्यायालय को दिया गया। प्रस्तुत वाद में मृत प्रतिवादी संख्या-05 कमलेश प्रसाद साह अविवाहित अवस्था में मृत्यु हो गयी है तथा उनके विधिक वारिसान के रूप में पिता, भाई एवं बहन पहले से ही इस वाद में पक्षकार है। अतः वादपत्र से प्रतिवादी संख्या-05 कमलेश प्रसाद साह का नाम कलमजद करने की कृपा करें।

प्रतिवादीगण की ओर से वादीगण द्वारा दाखिल आवेदन का मौखिक विरोध किया गया।

अभिलेख परिशीलन से विदित होता है कि प्रस्तुत वाद के प्रतिवादी संख्या-05 कमलेश प्रसाद साह की मृत्यु हो गई है जिसे प्रतिवादीगण भी स्वीकार करते है। आवेदन शपथ पत्र से समर्थित है। ऐसी दशा में न्याय हित में वादीगण द्वारा दाखिल आवेदन स्वीकृत किया जाता है तथा कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि वह वादपत्र से मृत प्रतिवादी संख्या-05 का नाम कलमजद करें। अभिलेख दिनांक 09.11.2022 को प्रस्तुत करें।

अवर न्यायाधीश (प्रथम)